## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक – 16.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

- लोकसभा में विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक–2025 किया गया पेश, उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनाने में पारदर्शी प्रणाली होगी विकसित।
- केंद्र सरकार मनरेगा की जगह विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन–ग्रामीण बिल 2025 मौजूदा शीतकालीन सत्र में करेगी पेश।
- झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को विभिन्न जल स्रोतों से अतिक्रमण हटाने में भेदभाव नहीं करने का दिया निर्देश।
- राज्य में ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन की प्रक्रिया शुरू, पहले दिन पलामू टाइगर रिजर्व में मिला बाघ का पगमार्क।
- बेंगलुरु में आयोजित एस व्यासा हिमालय योग ओलंपियाड 2025 में झारखंड की महिला खिलाड़ियों ने लहराया परचम, स्वर्ण और कांस्य पदक पर जमाया कब्जा।

**********************

लोकसभा में कल केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विकसित भारत शिक्षा अधिष्ठान विधेयक–2025 पेश किया। इसके बाद इसे संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया। हालांकि, विपक्षी दलों ने विधेयक पेश करने का विरोध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कार्य सलाहकार समिति की बैठक में कई सांसदों ने विधेयक पर व्यापक विचार–विमर्श पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि इस विधेयक का उद्देश्य उच्च शिक्षण संस्थानों को स्वतंत्र और स्वशासी संस्थान बनाने में सुविधा प्रदान करना है।

**********************

केंद्र सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून– मनरेगा की जगह विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन–ग्रामीण बिल 2025 मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए पेश करेगी। इस बिल की कॉपी सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच वितरित भी की गयी। नये बिल में कहा गया है कि इसका उद्देश्य विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। वहीं काम के दिन 100 से बढ़ाकर 125 दिन किया जायेगा।

**********************

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को विभिन्न जल स्रोतों और नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने में भेदभाव नहीं करने का निर्देश दिया है। अदालत ने मौखिक रूप से कहा कि अतिक्रमण करने वाले सभी लोगों को चिन्हित कर उन्हें हटाएं। कल सुनवाई के दौरान रांची के कांके डैम, धुर्वा डैम, गेतलसूद डैम और अन्य जलाशयों पर अबतक हुई कार्रवाई पर राज्य सरकार के शपथ पत्र पर असंतुष्टि जताई। अदालत ने जलस्रोतों से दो सप्ताह में अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

**********************

भाजपा के राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कल नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान पश्चिम बंगाल के प्रदेश अध्यक्ष शामिक भट्टाचार्य भी मौजूद रहे। दोनों सांसदों ने गृह मंत्री के समक्ष झारखंड और पश्चिम बंगाल में हो रहे कथित डेमोग्राफी बदलाव का मुद्दा उठाया। गृह मंत्री अमित शाह ने सांसदों की बात सुनी और इस मुद्दे पर आगे की कार्रवाई की संभावना पर चर्चा की।

**********************

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त समिति के सभापति सरयू राय ने गिरिडीह परिसदन में कल बैठक की। इस दौरान श्री राय ने विभिन्न विभागों की योजनाओं, सेवा गारंटी अधिनियम और सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत काम की समीक्षा की और अधिकारियों को योजनाओं को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। सभापति ने सभी कार्यालय परिसर में सेवा की गारंटी अधिनियम से संबंधित सूचना पट्ट लगाने का भी निर्देश दिया।

**********************

झारखंड राज्य प्रशासनिक सेवा के उन्नीस पदाधिकारियों को आइएएस संवर्ग में प्रोन्नति मिलेगी। इसके लिए 20 दिसंबर तक यूपीएससी को 57 नाम भेजे जाएंगे। नियमानुसार एक पद के विरूद्ध तीन नाम भेजने का प्रावधान है। पदाधिकारियों को 2024 की रिक्तियों के विरूद्ध प्रोन्नति दी जानी है।

**********************


आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।


**********************

पलामू टाइगर रिजर्व– पीटीआर सहित पूरे झारखंड में कल ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन की प्रक्रिया शुरू हुई। यह अभियान 22 दिसंबर तक चलेगा। इसका उद्देश्य बाघ सहित अन्य प्रमुख मांसाहारी और बड़े शाकाहारी वन्यजीवों की उपस्थिति, मूवमेंट और उनके आवासन से संबंधित वैज्ञानिक प्रमाणिक आंकड़ों का संकलन करना है। पहले दिन की स्टीमेशन में पलामू टाइगर रिजर्व में बाघ का स्पष्ट पगमार्क प्राप्त हुआ। इसके अलावा तेंदुआ और भेड़िया के भी महत्वपूर्ण प्रमाण भी मिले हैं। यह जानकारी पीटीआर के उप निदेशक प्रजेशकांत जेना ने दी।

**********************

गढ़वा जिले में कल से पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सभी प्रखंडों में धान की खरीदारी शुरू हो गयी है।

**********************

मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले कुछ दिनों तक झारखंड में ठंड से थोड़ी राहत मिलने का अनुमान जताया है। इस दौरान दिन के तापमान में मामूली बढ़त के साथ अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री के बीच, जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। इधर राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने लोगों से अपील की है कि घना कोहरे की स्थिति में वाहनों के परिचालन में सतर्कता बरतें।

**********************

बेंगलुरु में आयोजित एस व्यासा हिमालय योग ओलंपियाड–2025 में झारखंड की खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। 45 से 55 आयु वर्ग में सोमा रॉय ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि नौ से 13 आयु वर्ग और 35 से 45 आयु वर्ग की महिलाओं ने कांस्य पदक जीता। इसमें झारखंड के अठारह खिलाड़ियों ने भाग लिया।

उधर उपराजधानी दुमका में तीन दिवसीय विद्यालय स्तरीय वार्षिक खेलकूद समारोह कल संपन्न हो गया। समारोह में जामा विधायक डॉ लुईस मराण्डी ने जीवन समग्र विकास के लिए खेलकूद पर जोर दिया।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सीबीएसई संथाल परगना प्रमंडल के को–ऑर्डिनेटर प्रदीप्तो मुखर्जी ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है– कोयला चोरी की बात अब ऑफिशियल, बीसीसीएल के सीएमडी ने कहा– राज्य में हो रही कोयला चोरी।

दैनिक भास्कर ने प्रभारी डीजीपी तदाशा मिश्रा को एक्सटेंशन नहीं मिलने और नये डीजीपी की तलाश शुरू होने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– झारखंड में कोहरे ने घटायी दृश्यता, विमान–ट्रेन लेट।

दैनिक जागरण लिखता है– मनरेगा की जगह विकसित भारत–जी–रामजी, ग्रामीण परिवारों को 100 की जगह 125 दिनों के रोजगार की मिलेगी गारंटी।

*********************